14. विराम-चिह्न

लिखते समय रुकने या ठहरने को प्रकट करने के लिए भाषा में कुछ चिह्न निर्धारित किए गए हैं, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं। विराम चिह्नों का भली-भाँति ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसके अभाव में अर्थ का अनर्थ हो सकता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को विराम-चिह्नों से परिचित कराएँ।
- ❖ विराम चिह्नों की आवश्यकता क्यों होती है, समझाएँ।
- ❖ पृष्ठ 92 पर दिए बिना विराम चिह्न वाले वाक्यों को पढ़ें। तदुपरांत विराम चिह्न युक्त वाक्य पढ़ें और छात्रों से इनका अंतर भेद बताने को कहें।
- ❖ प्रत्येक विराम-चिह्न के प्रयोग पर बल दें।
- ❖ प्रत्येक विराम-चिह्न की परिभाषा याद करवाकर सुनें तथा उनके प्रयोग पर छात्रों का ध्यान केंद्रित करवाएँ।
- ❖ ब्लैकबोर्ड पर बिना विराम-चिह्नों के वाक्य लिखें तथा छात्रों से उनमें सही चिह्न लगवाएँ।
- ❖ सभी छात्रों पर ध्यान दें।
- ❖ छात्रों द्वारा किया पाठ अभ्यास जाँचें। यदि गलती हो तो उन्हें समझाकर सही करवाएँ।